पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

गंज कार्निवाल का एक वर्ष पूरा

हजरतगंज का गंज कार्निवाल लखनऊ का सिरमौर है - राज्यपाल

लखनऊः 29 मई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज हजरतगंज लखनऊ में गंज कार्निवाल के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन एवं सूचना श्री नवनीत सहगल, मण्डलायुक्त श्री वेंकटेश, जिलाधिकारी श्री राजशेखर तथा सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। समारोह का मुख्य आकर्षण सुविख्यात गायक श्री जावेद अली थे, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी।

राज्यपाल ने उद्घाटन के पश्चात् अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लखनऊ का गंज कार्निवाल निरन्तर सफलता का आयाम तय करते हुए मेगा कार्निवाल में परिवर्तित हो रहा है। एक साल में बड़ी सफलता और लोकप्रियता मिली है। इस कार्निवाल का आयोजन केवल लखनऊ में होता है। लखनऊ की विशेषता है कि यहाँ ऐसे सांस्कृतिक उत्सव लगातार होते रहते हैं। इस सफलता के लिए जिला प्रशासन व सहयोगी संस्थाएं बधाई के पात्र हैं।

श्री नाईक के कहा कि वे इससे पूर्व एक बार गंज कार्निवाल में आ चुके हैं। आज के कार्यक्रम में काफी परिवर्तन दिख रहा है। समारोह में लखनऊ का नाम रोशन करने वाले एवं शोभा बढ़ाने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया है तथा मेधावी बच्चों का भी अभिनन्दन हुआ है। लखनऊ का खान-पान, रहन-सहन एवं संस्कृति अपने आप में विशेष है। जैसे दिल्ली देश की राजनैतिक राजधानी है, काशी सांस्कृतिक राजधानी है, मुंबई आर्थिक राजधानी है उसी तरह लखनऊ कला की नगरी है। उन्होंने कहा कि हजरतगंज का गंज कार्निवाल लखनऊ का सिरमौर है।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं सूचना श्री नवनीत सहगल ने कहा कि लखनऊ को पर्यटन से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही हैं। लखनऊ धरोहरों का शहर है, जहाँ पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इसी दृष्टि से गोमती नदी के घाटों का भी सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है।

समारोह में मण्डलायुक्त श्री वेंकटेश व जिलाधिकारी श्री राजशेखर ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर लखनऊ की संस्कृति और विशेषता को बढ़ाने वाले स्व0 अमृत लाल नागर, स्व0 भगवती चरण वर्मा, स्व0 श्री श्रीलाल शुक्ल को मरणोपरान्त, पद्मश्री मुज्जफर अली, श्री योगेश प्रवीन, श्री सैय्यद इकराम, श्री हुसैन रिज़वी, सुश्री रूमा बनर्जी, सुश्री विपुल वार्ष्णेय, श्रीमती पूर्णिमा पाण्डेय, श्रीमती कुमकुम आदर्श, श्रीमती अंजलि त्रिपाठी, श्री शमीम आरजू एवं पांच मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में गंज कार्निवाल के द्विभाषीय काफी टेबल बुक का लोकार्पण भी किया गया।

अंजुम/ललित/राजभवन (195/30)

diksha
KAZMI
SOUND

diksha
KAZMI
SOUND